**संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण**
ब्लॉक–2, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर
(Telephone-0771-2511974, email-directorateoffood@gmail.com, website-www.khadya.cg.nic.in)

---

कमांक 237 /बजट–61/2024/ अटल नगर, दिनांक 11 जनवरी, 2024

**–:: सर्वर का वार्षिक अनुरक्षण हेतु निविदा सूचना ::–**

छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ डाटा सेन्टर में स्थापित 08 सर्वर हेतु एचपी कंपनी से पंजीकृत संस्थाओं से निविदाएं दिनांक 05 जनवरी, 2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की गई थी, जिसमें समय वृद्धि करते हुए 05 फरवरी, 2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट में https://khadya.cg.nic.in उपलब्ध है।

**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**

10/01/24

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.
संचालनालय, अटल नगर

## –:: निविदा की शर्तें/जानकारी ::–

छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ डाटा सेन्टर, रायपुर में स्थापित 08 सर्वरों का वार्षिक अनुरक्षण/रख–रखाव (AMC) करने हेतु निविदाएं निर्माता एचपी कंपनी से पंजीकृत संस्थाओं से आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदा दो भागों जिसमें प्रथम भाग में तकनीकी बिड प्रस्ताव लिफाफा तथा द्वितीय भाग में वित्तीय बिड प्रस्ताव के लिफाफे जिसके ऊपर क्रमशः तकनीकी बिड तथा वित्तीय बिड प्रस्ताव लिखा होगा। इन दोनों लिफाफों को एक लिफाफे में रखकर सीलबंद **"संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, ब्लॉक–2, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़–492002"** को निम्न दर्शाए गए दिनांक एवं शर्तों के अधीन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है–

23. निविदाएं दिनांक 05 फरवरी, 2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक खाद्य संचालनालय में रस्टिर्ड डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।
24. यदि टेक्नीकल बिड एवं फाइनेंशियल बिड अलग–अलग प्रतियों में नहीं दिया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। टेक्नीकल बिड लिफाफे दिनांक 05 फरवरी, 2024 अपरान्ह 4:00 बजे खोला जाएगा तथा तकनीकी रूप से अर्ह पाए गए प्रस्तावों से संबंधित फाइनेंशियल बिड संबंधित लिफाफे दिनांक 06 फरवरी, 2024 को अपरान्ह 2:30 बजे खोला जाएगा।
25. वित्तीय दरें जीएसटी सहित दी जाएगी। मूल्य वृद्धि या अन्य किसी कारण से दरों में वृद्धि या संशोधन पश्चात मान्य नहीं होगा।
26. स्वीकृत निविदादातों से नियमानुसार अमानत धनराशि ली जायेगी।
27. निविदा में दी गई दर जो स्वीकृत की जाएगी वे दर अनुबंध की तिथि से एक वर्ष के लिए अनुबंध की शर्तों के अंतर्गत प्रभावशील रहेगी।
28. स्वीकृत निविदादाता फर्म को उसी दर पर कार्य कराना होगा जो दर फाइनेंशियल बिड में अंकित होगी। यदि निविदादाता द्वारा निविदा में अंकित दरों पर कार्य करने में असमर्थ पाया जाता है तो उसकी अमानत धनराशि जप्त कर ली जावेगी।
29. संचालनालय खाद्य द्वारा नामित/अधिकारियों की समिति टेक्नीकल बिड एवं तदोपरान्त फाइनेंशिय बिड के न्यूनतम मूल्य के आधार पर दरों की संस्तुति करेगी।
30. निविदा की अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं होगा ।
31. निविदादाता को निविदा के साथ अमानत के रूप में राष्ट्रीकृत/अनुसूचित बैंक की राशि 50,000/– रूपए (अक्षरी–पचास हजार रूपए) की एफ.डी. (सावधि जमा) संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के पदनाम से अमानत राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य है। चयनित संस्था की एफ.डी. वार्षिक अनुरक्षण समयावधि समाप्ति उपरांत वापस की जाएगी।
32. निनिदादाता का वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम राशि 50.00 लाख रूपए से कम नहीं होना चाहिए।
33. निविदादाता निर्धारित प्रारूप पर दी गयी स्पेसीफिकेशन के अनुसार ही दर उल्लिखित करेंगे।
34. निविदादाता किसी भी शासकीय कार्य दिवस में समस्त उपकरणों का निरीक्षण कर सकते हैं और निरीक्षण उपरांत ही समस्त उल्लेखित सर्वर के वार्षिक अनुरक्षण/रख–रखाव हेतु **AMC** हेतु दर वित्तीय निविदा में उल्लिखित करें।

35. निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के वेबसाइट https://khadya.cg.nic.in से भी डाउनलोड कर प्रेषित किये जा सकते हैं।
36. निविदा स्वीकार होने पर वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध का भुगतान चार बराबर किश्तों में किया जायेगा। 25 प्रतिशत धनराशि का भुगतान संतोषजनक कार्य पूर्ण होने के उपरांत तीन माह बाद शेष बची 75 प्रतिशत धनराशि तीन किश्तों में एवं अमानत धनराशि का भुगतान अनुबंध समाप्ति पर किया जायेगा।
37. टेक्नीकल बिड के साथ निम्नलिखित साक्ष्यों/प्रपत्रों की छाया प्रतियॉ संलग्न की जानी आवश्यक है एवं उन पर निविदादाता के भी हस्ताक्षर होना चाहिए।

(अ) निर्माता एचपी कंपनी से पंजीकृत संस्था संबंधी पत्र इंक सील/हस्ताक्षर सहित।
(ब) निविदा अमानत धनराशि बैंक ड्राफ्ट/सावधि जमा मूल रूप में (निविदा दाता द्वारा हस्ताक्षर नहीं किये जायेगें।)
(स) वर्तमान में किये जा रहे कार्यों का संक्षिप्त विवरण।
(द) निविदा शर्तों को हस्ताक्षरित कर टेक्नीकल बिड पत्र के साथ ।
(य) अद्यतन जीएसटी पंजीयन संबंधी प्रमाण पत्र।
(र) अद्यतन आयकर प्रमाण पत्र एवं पैन/टैन नम्बर।

38. किसी भी दशा में निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निविदाए रजिस्ट्रर्ड डाक से ही स्वीकार किया जावेगा। डाक के माध्यम से कार्यालय को निविदा विलंब से प्राप्त होने पर कार्यालय किसी भी दशा में उत्तरदायी नहीं होगा।
39. निविदाएं संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा नामित समिति द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी ।
40. निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि चाहें तो निविदा खुलते समय उपस्थित रह सकते हैं।
41. निविदा दरों पर कटिंग, उपरिलेखन वर्जित है। यदि कहीं कटिंग या उपरिलेखन है तो निविदादाता द्वारा पूर्ण हस्ताक्षर से सत्यापित किया जाए।
42. किसी भी विवाद की दशा में ''खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग'' छत्तीसगढ़ नवा रायपुर का फैसला अंतिम होगा उभय पक्षों को प्रत्येक दशा में मान्य होगा ।
43. न्यायलयीन विवाद की स्थिति में रायपुर जिला क्षेत्र के अंतर्गत निराकरण किया जावेगा।
44. निविदा के स्वीकृतोपरान्त निविदादाता को खाद्य विभाग के कार्यालय स्तर पर लिखित अनुबन्ध निर्धारित अवधि में करना होगा। अनुबन्ध के साथ नियमानुसार स्टैम्प ड्यूटी देय होगी। निविदा सूचना एवं निविदा शर्ते अनुबन्ध का एक हिस्सा है ।

10/01/24

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.
संचालनालय, अटल नगर

# –:: निविदा प्रपत्र ::–

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 05 फरवरी, 2024
समय–अपरान्ह 3:00 बजे

प्रति,

**संचालक,**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.संचालनालय
ब्लॉक–2, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर
नवा रायपुर, छत्तीसगढ़–492002

महोदया,

दैनिक समाचार पत्र .......................... में प्रकाशित विज्ञापन दिनांक .................... के संदर्भ में अपना निविदा निम्नलिखित विवरण के अनुसार प्रस्तुत कर रहा हूं।

## –:: टेक्नीकल विड ::–

| स.क. | निर्माता एचपी कंपनी से पंजीकृत संस्था संबंधी पत्र इंक सील/हस्ताक्षर सहित | आयकर प्रमाण–पत्र/पैन नम्बर | अमानत जमा धनराशि का विवरण | वाणिज्य कर विभाग के अंतर्गत जीएसटी संख्या | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

**फाइनेंशिलय विड हेतु फार्म संलग्न है।**

संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के पक्ष में राशि 50,000/– रूपए (अक्षरी–पचास हजार रूपए) की धनराशि अनामत के रूप में सावधि जमा/बैंक ड्राफ्ट संख्या ................................ राष्ट्रीय बैंक का नाम ..................................... शाखा दिनांक .......................के माध्यम से जमा कर रहा हूं। मेरे द्वारा संबंधित शर्ते पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ ली है तथा यह शर्ते पूर्णतया मान्य है और मैं उसका पूरा पालन करूंगा।

दिनांक ..............

भवदीय

निविदादाता के हस्ताक्षर व मोहर
नाम ...............................................
हस्ताक्षर .......................................
फर्म का नाम एवं पूरा पता ..........
............................................................

## –:: फाइनेंशिलय विड दर प्रारूप ::–

| क. | सर्वर सरल कमांक | सर्वर टाइप मॉडल | कमांक 1 से 8 तक के समस्त सर्वर AMC की राशि पार्ट सहित | कमांक 1 से 8 तक के समस्त सर्वर AMC की राशि पार्ट रहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CN7544023B | HP Proliant BL660C Gen8 Blade Server CPU E5-4610 v2 @2.30Ghz 2.30Ghz (4 Processors) 512GB RAM | | |
| 2 | CN7544023D | HP Proliant BL660C Gen8 Blade Server CPU E5-4610 v2 @2.30Ghz 2.30Ghz (4 Processors) 512GB RAM | | |
| 3 | CN7544023O | HP Proliant BL660C Gen8 Blade Server CPU E5-4610 v2 @2.30Ghz 2.30Ghz (4 Processors) 512GB RAM | | |
| 4 | CN7544023H | HP Proliant BL660C Gen8 Blade Server CPU E5-4610 v2 @2.30Ghz 2.30Ghz (4 Processors) 512GB RAM | | |
| 5 | CN7544023L | HP Proliant BL660C Gen8 Blade Server CPU E5-4610 v2 @2.30Ghz 2.30Ghz (4 Processors) 512GB RAM | | |
| 6 | CN75440237 | HP Proliant BL660C Gen8 Blade Server CPU E5-4610 v2 @2.30Ghz 2.30Ghz (4 Processors) 512GB RAM | | |
| 7 | CN7544023N | HP Proliant BL660C Gen8 Blade Server CPU E5-4610 v2 @2.30Ghz 2.30Ghz (4 Processors) 512GB RAM | | |
| 8 | CN7544023J | HP Proliant BL660C Gen8 Blade Server CPU E5-4610 v2 @2.30Ghz 2.30Ghz (4 Processors) 512GB RAM | | |

भवदीय

निविदादाता के हस्ताक्षर व मोहर
नाम ...............................................
हस्ताक्षर ........................................
फर्म का नाम एवं पूरा पता ...........
.............................................................